हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

11 सनातन बोर्ड के निर्माण के लिए की पदयात्रा



12 एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने घेरा मरौद टोल प्लाजा








## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा 1 दिसंबर रविवार की सुबह 11 बजे समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के मीटिंग हाल में रखी गई है। बैठक में जिला संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष संजय नारंग ने दी है।

### परीक्षा फार्म आज से भरा जायेगा

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में बीए, बीकाम, बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व एवं पूरक परीक्षार्थी परीक्षा फार्म 1 से 20 दिसम्बर तक बिना विलंब शुल्क के आनलाइन करा सकते है। स्नातक प्रथम वर्ष में केवल पूरक प्राप्त परीक्षार्थी ही आनलाइन करा सकते हैं। प्रायोगिक विषय से संबंधित छात्रों को महाविद्यालय से अनुमति लेना आवश्यक है। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने दी है।

### आगामी 4 दिनों तक मौसम रहेगा प्रभावित

- दक्षिण छग के एक दो स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**धमतरी।** चक्रवाती तूफान फेंगल का प्रभाव जिले में दिख रहा है। शनिवार को सूर्यनारायण का दर्शन दुर्लभ रहा। शाम लगभग 4 बजे कहीं- कहीं बूंदाबांदी भी हुई। बताया जा रहा है कि मौसम आगामी चार दिनों तक प्रभावित रहेगा। न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की वृद्धि हुई है। आगामी दो दिनों में 1 से 2 डिग्री न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्रवाती तूफान फेंगल 30 नवंबर की सुबह 11.30 बजे आईएसटी पर 12.3 अंश नार्थ और 80.7 अंश इस्ट पर केंद्रिंत था। यह पश्चिम की ओर बढ़ने के साथ 30 नवंबर की शाम को उत्तर तमिलनाडु-पुंडुचेरी को पार करेगा। इसके प्रभाव से आने वाले 4 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। अगले दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री वृद्धि होने तथा प्रदेश के कुछ जिलों में प्रातः कोहरा छाने एवं आकाश के आंशिक मेघवर्ण होने की संभावना है।

## सहकारी समितियों की व्यवस्था गड़बड़ाने लगी, उधारी में तिरपाल, झिल्ली की खरीदी

# न खरीदी का कमीशन मिला, न ब्याज अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उठाव की रफ्तार सुस्त होने से खरीदी केंद्रों में जाम धान समिति प्रबंधन के लिए बड़ी मुसीबत बन रहा है। खराब मौसम में धान ढंकने के लिए समितियों में दिन भर मशक्कत चलती रही। उधर शासन ने समितियों का 31 करोड़ रुपए अभी तक नहीं दिया है। इससे भी प्रबंधन में दिक्कत आ रही है। नए तिरपाल के साथ फटे पुराने तिरपाल से धान को सुरक्षित रखने की कोशिश की जा रही है।

जिले में धान खरीदी तेजी से चल रही है। अब तक 12 लाख 79 हजार 349 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है लेकिन राइस मिलर्स की हड़ताल के चलते उठाव की रफ्तार काफी धीमी है। मात्र 1 लाख 23 हजार 30 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। धान को संग्रहण केंद्रों में रखा जा रहा है। सुस्त रफ्तार के बीच जिले में मौसम ने करवट ली है। शनिवार की सुबह से आसमान पर बादल छाए रहे। कई स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई है। स्थिति को देखते हुए सभी खरीदी केंद्रों को शनिवार की सुबह अलर्ट रहने के लिए मैसेज किया। इसके बाद खरीदी केंद्रों के सभी कर्मचारी धान के स्टेक को ढंकने में जुट गए। शनिवार होने के कारण खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी बंद रही। कर्मचारी दिन भर धान को ढंकने में व्यस्त रहे। शाम को एक बार फिर से सभी स्टेक को चेक किया गया। हवा से कई स्थानों पर तिरपाल खुल गए थे। उन्हें पैक किया गया। रात में चौकीदार सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।



### नहीं मिले 31 करोड़

शासन की योजना के तहत किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। किसानों से ऋण पर ब्याज की वसूली नहीं की जाती है। ब्याज की राशि शासन से समितियों को दी जाती है। पिछले खरीफ सीजन में बड़ी संख्या में किसानों ने ऋण लिया था। शासन द्वारा इस ऋण का ब्याज अनुदान 9 करोड़ रुपए अब तक समितियों को नहीं दिया गया है। इसके अतिरिक्त पिछले खरीफ में की गई धान खरीदी का कमीशन 22 करोड़ रुपए भी समितियों को नहीं मिला है। ऐसे में धान ढंकने के लिए तिरपाल, झिल्ली, कव्हर कैप की खरीदी उधारी में की गई है। इसके अतिरिक्त फटे पुराने तिरपाल, झिल्ली, कव्हर कैप का भी उपयोग किया जा रहा है।

### रोज सवा लाख क्विंटल धान की आवक

धान खरीदी अच्छी रफ्तार के साथ चल रही है। रोजाना सवा लाख क्विंटल के आसपास धान की आवक हो रही है, जबकि उठाव करीब 40 से 60 क्विंटल हो रही है। इससे खरीदी केंद्रों में जाम बढ़ता ही जा रहा है। खरीदी की स्थिति को देखें तो सबसे ज्यादा खरीदी मोटा धान की 5 लाख 63 हजार 584 क्विंटल हुई है। पतला धान की खरीदी 3 लाख 60 हजार 691 क्विंटल और सरना धान की खरीदी 3 लाख 55 हजार 73 क्विंटल हुई है।

# युवक की हत्या के बाद अब परिजनों को मिल रही धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पिता ने सिटी कोतवाली पहुंचकर मांगी सुरक्षा

बीते दिनों गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान बदमाशों ने युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद अज्ञात नकाबपोश बाइक सवार मृतक के पिता व परिजनों को धमका रहे हैं। पीड़ित पिता ने सिटी कोतवाली पहुंचकर जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

दीपावली त्योहार पर गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान पीडी नाला के पास खम्हनबाड़ी सुभाष नगर निवासी युवराज नाग की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। वहीं एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के पखवाड़े भर बाद से अज्ञात नकाबपोश बुलेट में सवार होकर पिता जितेंद्र नाग के घर जाकर धमकी दे रहे हैं। इससे उनका परिवार दहशत में है। शनिवार को पीड़ित जितेंद्र नाग परिजनों व मोहल्लेवालों के साथ सुरक्षा की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचा। जितेंद्र ने मीडिया को बताया कि गौरी -गौरा विसर्जन के दौरन उसके पुत्र युवराज नाग की हत्या कर दी गई थी। उसे व उसके परिवार के लोगों को धमकाया जा रहा है। शुक्रवार की रात उसके दो भतीजे मोहल्ले में स्थित दुकान को बंद कर रहे थे। इसी दौरान बुलेट सवार दो नकाबपोश पहुंचे और गाली-गलौज कर दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। यही नहीं बदमाशों ने हत्या की घटना के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए युवक के घर का दरवाजा भी खटखटाया था। जितेंद्र ने कहा कि उसके परिवार पर हमला होता है तो उसकी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी। पीड़ित ने अपने व परिवार वालों की जान को खतरा बताते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा देने की मांग की है।



## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**

# दिवंगत कोटवार के परिजनों को कोटवार संघ ने की मदद



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जिला कोटवार संघ की नई पहल

प्रशासनिक कार्यों में जमीन स्तर पर कार्य करने वाले कोटवारों को मृत्यु पर भले ही कोई सहयोग न मिले लेकिन इस कमी को जिला कोटवार संघ दूर कर रहा है। शनिवार को संघ ने खड़ादाह कुकरेल के मृतक कोटवार हीरालाल सोनवानी के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और सहयोग राशि भेंट की।

जिला कोटवार संघ के अध्यक्ष सुरेशदास मानिकपुरी ने बताया कि कोटवारों की आकस्मिक या सामान्य मृत्यु पर शासन प्रशासन से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलता। इस पर जिला कोटवार संघ ने नई पहल की है। जिसके तहत किसी भी कोटवार की मौत पर संघ द्वारा कोटवारों से सहयोग राशि लेकर मृतक परिवार को दिया जाता है। इसी कड़ी में कुकरेल तहसीलदार प्रेमूलाल साहू के मार्गदर्शन में कोटवार संघ अध्यक्ष सुरेशदास मानिकपुरी, सुदर्शन टांडेश, बल्कूराम, बाबूलाल, धरमूराम, रघुनाथ, भुनेश्वरदास, राजकुमार चालकी, ईश्वरराम, चंद्रहास, गोविंदराम, सूर्यकांत ने शोक संतप्त परिजनों को सहयोग राशि प्रदान की।



स्व. हीरालाल

## टंगिया से हमला करने वाले को 6 माह का सश्रम कारावास

**धमतरी।** मामूली बात पर युवक की गर्दन में हंसिया से हमलाकर घायल करने वाले आरोपी को सत्र न्यायालय ने 6 माह के कठोर कारावास से दंडित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र निवासी दुष्यंत साहू 11 जनवरी 2022 की शाम ग्राम भटगांव के साप्ताहिक बाजार से गुजर रहा था। इसी दौरान आपसी रंजिश को लेकर देवसिंग साहू आजाद चौक भटगांव थाना रूद्री निवासी ने हत्या करने की नीयत से हाथ में रखे धारदार हंसिया दुष्यंत के गले में हमला कर चोट पहुंचाई। घायल के भाई छबिलाल साहू की शिकायत पर रूद्री पुलिस ने आरोपी देवसिंग साहू पिता दाऊलाल उम्र 24 वर्ष के खिलाफ धारा 294, 307 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार प्रकरण सत्र न्यायालय में पेश किया। सत्र न्यायाधीश केएल चरयानी ने सभी सबूतों को देखने व गवाहों को सुनने पर आरोपी देवसिंग साहू पर दोषसिद्ध होना पाया। न्यायाधीश ने अभियुक्त देवसिंग साहू को 6 माह का सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।




## सीसीएफ सतोविशा समाजदार ने शावक हाथी का नामकरण किया


# पोटाश बम से घायल अगहन के स्वास्थ्य में सुधार

- स्वस्थ होने पर घायल शावक का मां के गोबर से लेप किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पोटाश बम से घायल शावक हाथी को स्वस्थ करना वन विभाग के लिए हाथी-मानव द्वंद की कड़ी में सकारात्मक पहल होगी। शनिवार को घायल हाथी का रेस्क्यू चौथा दिन भी जारी रहा। हाथी एक संवेदनशील प्राणी है। पोटाश बम से घायल होने के बाद हाथी के बच्चे को हाथी दल ने अपनी सुरक्षा में रखा। तीन दिन बाद मां और बच्चे को झुंड छोड़कर चला गया। उसके बाद मां भी अपने बीमार बच्चे को छोड़कर चली गई। हाथी के उपचार में सीतानदी उदंती अभ्यारण के उपनिदेशक वरूण जैन के नेतृत्व में 30 अफसर कर्मी के अलावा दो महावत और वाइल्ड लाइफ चिकित्सक डा.राकेश वर्मा जी-जान से जुटे हुए हैं।





### नाम रखा गया अगहन

उदंती सीतानदी अभ्यारण के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि शुक्रवार को हाथी रेस्क्यू का अवलोकन करने सीसीएफ सतोविशा समाजदार रिसगांव रेंज की साल्हेभाठ पहुंची। बच्चे के उपचार को करीब से देखा। हाथी के सकारात्मक व्यवहार को देखते हुए महिला अफसर ने उसका नामकरण करते हुए अग्हन रखा। यह नाम हिन्दी कैलेंडर के अग्हन महीना के चलते किया गया है।

### चलने फिरने की संभावना

हाथी के शावक को उपचार से पहले डिस एसेटिव एनेस्थिसिया का इस्तेमाल किया गया। घायल शावक के कमजोर होने के कारण उसे नींद की दवा दी गई है। हाथी को ड्रिप चढ़ाया गया। एंटीबोयाटिक के अलावा जीभ के छाले ठीक करने हल्दी और ग्लिसरीन लगाई गई है। उपनिदेशक श्रीजैन ने बताया कि अग्हन अब थोड़ा बहुत खाने लगा है। शनिवार रात को उसके चलने फिरने की संभावना है।

### हाथी-मानव द्वंद को लेकर हाथी का स्वस्थ होना जरूरी

उपनिदेशक वरूण जैन ने कहा कि अग्हन स्वस्थ होता है तो वन विभाग के लिए बड़ी सफलता साबित होगी। बिजली करंट, शिकारियों के हमले से मौत से हाथी लोगों के प्रति एग्रीसिव हो जाते हैं। हाथी का शावक स्वस्थ होने पर जब झुंड में शामिल होगा तो हाथियों में लोगों के प्रति सकारात्मक भाव बनेगा। उन्होंने बताया कि शावक के स्वस्थ होने पर उसकी मां के गोबर से अग्हन को लेप किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकाशतः देखा गया है कि हाथी के मानव के संपर्क में आने पर हाथी को झुंड छोड़ देता है। गोबर लेप से मानव गंध दूर होगा और वह झुंड में शामिल हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राजपुर स्कूल में संविधान दिवस मना

**नगरी।** शाउमावि राजपुर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा उनके योगदान को स्मरण किया गया। संविधान के उद्देशिका का सामूहिक वाचन कर संकल्प लिया गया। संविधान पर केंद्रित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष संतोष निषाद, ग्राम पटेल गिरधरसिंह वट्टी, प्राचार्य आरके टंडन, व्याख्याता डोमारसिंह ध्रुव, मोहनलाल निषाद, राजेश्वरी कुंजाम, योगिता कतलम, एस. कोसरे, नीलम शांडिल्य, लीलेंद्र मेश्राम, तरूणी साहू, एसबी कंचन, कामिनी बघेल, लक्ष्मीनाथ ओटी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने आर्थिक सहायता स्वीकृत की

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। नगरी विकासखण्ड के ग्राम बेलरगांव की यामिनी एवं काजल की मृत्यु पानी में डूबने की वजह से हो गई। इसके मद्देनजर दोनों बच्चियों की माता श्रीमती महेश्वरी को आरबीसी 6-4 के तहत प्रत्येक मृतका 4-4 लाख रूपये कुल 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम बेलरगांव की ही सेविका कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता दिनेश्वरी कोर्राम को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम गढ़डोंगरी के शिवकुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी बहन श्रीमती निर्मलाबाई और ग्राम पालगांव के सुकदेव मण्डावी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुनितिबाई मण्डावी को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

### राज्य की टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# पीएचसी सांकरा को फिर से पुरस्कार मिलने की उम्मीद

■ वर्ष 2023 में मिला था गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र






हरिभूमि न्यूज ▸▸सांकरा

वर्ष 2023 में पीएचसी सांकरा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण- पत्र प्राप्त हुआ था। केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखते हुए फिर से पुरस्कार मिलने की उम्मीद है। इसके लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकरा की राज्य की टीम ने निरीक्षण किया जिसमें डॉ. रात्रे एवं राजू नारंग थे।

अस्पताल के सभी छह विभाग ओपीडी, आइपीडी, प्रसव कक्ष, लेबोटरी, फार्मेसी सेवाओं का रिकार्ड देखा व स्टाफ काइन्टव्यू लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ किशोर साहू ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफाइड होने पर मरीजों की सुविधाओं में इजाफा होगा। अस्पताल का रख-रखाव, सुविधा एवं सेवाएं राष्ट्रीय मानक के अनुरूप रखी जाती है। प्रत्येक कार्य स्टैण्ड आपरेटिव प्रोसीजर के आधार पर किया जाता है। जैव अपशिष्ट प्रबंधन, अस्पताल की सफाई, ओपीडी, आईपीडी, लैब व अस्पताल में उल्टी, दस्त, बुखार, मलेरिया, टाईफाईड कुष्ठ, टीबी, निमोनिया जैसे अन्य संक्रामक बीमारी का उपचार स्टैण्डर्ड ट्रीटमेंट गाईडलाइन के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक माह सभी कार्यों की समीक्षा की जाती है। अनावश्यक इंजेक्शन एंटी बायोटिक दर्द निवारक दवाइयां नहीं दी जाती है। प्रसव से पहले या प्रसव के दौरान होने वाली समस्याओं का अच्छे से प्रबंधन किया जाता है। यहां मुंह, स्तन, बच्चदानी कैंसर की निःशुल्क स्क्रीनिंग की जाती है। सांकरा सेक्टर अतंर्गत आने वाले सभी गांवों में गर्भवती एवं बच्चों का टीकाकरण किया जाता है।

राज्य टीम के निरीक्षण के दौराण पीएचसी प्रभारी किशोर साहू, संजय साहू, यतेन्द्र साहू, यजुवेन्द्र सोम, गौतम कश्यप, शारदा ठाकुर, कमलेश्वरी साहू, रितु ठाकुर, इंदु ध्रुव, व्हीएस ध्रुव, सी. कोर्राम, कुतरूणा ध्रुव, भूपेन्द्र ध्रुव, मंशाराम नेताम, भूमेश निर्मलकर, मनिकदास मनिकपुरी, सागर प्रजापति उपस्थित थे।

## देवांगन समाज की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸कुरूद




सामुदायिक भवन कुरूद में जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक हुई, जिसमें मां परमेश्वरी जयंती धूमधाम से मनाने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही धमतरी मंडल से मिले आवेदनों पर चर्चा कर निराकरण किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष विनय देवांगन, महासचिव जयलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, संरक्षक कुंजलाल देवांगन, घनश्याम देवांगन, महिला जिलाध्यक्ष वेदिका देवांगन, युवा जिलाध्यक्ष दीपेश देवांगन, भवन निर्माण जिलाध्यक्ष टीकाराम देवांगन, महिला उपाध्यक्ष मंथरा देवांगन, धमतरी मंडल अध्यक्ष जगदीश देवांगन, भागवत देवांगन, राज देवांगन, पोटियाडीह मंडल अध्यक्ष विजय देवांगन, कुरूद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ी हमारी मातृभाषा है : चैतराम




हायर सेकेंडरी स्कूल कोसमर्रा ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸कोर्रा(भखारा)

शाउमावि कोसमर्रा में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर गीत, भाषण प्रश्नोत्तरी एवं अन्य कार्यक्रम हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी हमारी मातृभाषा है। यह संप्रेषण का एकमात्र माध्यम है। इनका संवर्धन एवं संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। छत्तीसगढ़ी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शिक्षक बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, नरेश, अनिल साहू, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर, सुमन साहू समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल साहू ने किया।

## निकाय के अधिकारी-कर्मचारी 11 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▸▸मगरलोड

अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छग के आह्वान पर निकाय के अधिकारी कर्मचारी 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। प्रदेश स्तरीय हड़ताल में शामिल होने नगरीय निकाय मगरलोड के भी नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन अवकाश पर रहेंगे। नपं मगरलोड भैसमुंडी के उपअभियंता संजय कुमार, सहायक राजस्व निरीक्षक बिशालराम कोसले, सहायक ग्रेड 3 भूपेंद्र चंद्राकर, कैशियर नरेश वर्मा, वाहनचालक दीनू साहू ने सीएमओ अशोक चौहान को अनिश्चितकालीन अवकाश पर रहने की सूचना दी है।

## संविधान कानून से भरा दस्तावेज नहीं बल्कि पवित्र ग्रंथ है

हरिभूमि न्यूज ▸▸मगरलोड




पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला अरौद में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया।

प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव, शिक्षक लोकेश्वरी, प्रमोद कुमार, यशवंत ने बताया कि संविधान हमारे भारत देश का सर्वोच्च विधान है। संविधान कानून से भरा दस्तावेज नहीं है बल्कि वह पवित्र ग्रंथ है। संविधान में मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ शासन के सिद्धांतों को रेखांकित किया गया है। 26 जनवरी 1950 से पूरे देश में संविधान लागू किया गया। प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव ने बताया कि 2015 से वर्तमान सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। छात्रों को गीत एवं प्रश्नों के माध्यम से संविधान की जानकारी दी गई। विद्यालय में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद बच्चों ने खूब उठाया।

मौके पर अणेश्वर, चंद्रशेखर, नामदेव साहू, गुलाब साहू, टीकम यादव, जीरमबाई, लालमत चौरे, सावित्री साहू, पार्वती बाई, खेलन सेन उपस्थित थे।

## पेड़ों की सुरक्षा के लिए कांटेदार तार लगवाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸नगरी

ग्राम बेलरगांव के ईमलीपारा के श्मशान घाट के आसपास चुन्नूलाल साहू ने आम के सैकड़ों पौधे लगाये थे। वे वर्तमान में बड़े हो चुके हैं। पेड़ों की सुरक्षा के लिए चुन्नूलाल ने स्वयं के पैसे से कांटेदार तार से चारों तरफ घेराव किया। श्री साहू ने बताया कि श्मशान घाट के आसपास वृक्षों की सुरक्षा हेतु कांटेदार तार का घेराव कार्य एक सप्ताह से चल रहा है। इसमें 4 मजदूर काम कर रहे हैं। उन्होंने वन विभाग बिरगुड़ी से भी सहयोग मांगा है।

## न्योता भोज पाकर बच्चों के चेहरे खिले



हरिभूमि न्यूज ▸▸सिर्री



शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में न्योता भोज का आयोजन प्रधानपाठक विनय कुमार साहू ने अपने जन्मदिवस पर किया। स्कूली बच्चों के साथ प्रधानपाठक ने केक काटा। शिक्षकों ने प्रधानपाठक को उपहार भेंट किया। बच्चों को केला, भजिया और मिठाई खिलाई गई। न्योता भोज पाकर बच्चों के चेहरे खिले नजर आए। प्रधानपाठक ने छठवीं, सातवीं ओर आठवीं के बच्चों को टिफिन भी बांटा। मौके पर रामनिहोरा साहू संकुल समन्वयक, विनय साहू प्रधानपाठक, गिरवरलाल साहू शिक्षक, पुष्पा कुर्रे शिक्षिका, शिक्षक पुरूषोत्तम साहू सहित छात्र- छात्राओं की उपस्थिति रही।

## अमलीडीह के साहू समाज भवन में बनेगा अहाता



हरिभूमि न्यूज ▸▸कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत अमलीडीह के साहू समाज भवन में अहाता निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक थे। अध्यक्षता अवनेंद्र साहू जिला साहू समाज अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि मानिकराम साहू जनपद सदस्य, नीलमणि साहू साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष, गुनेश्वर साहू हाईस्कूल अध्यक्ष, जगदीशराम साहू ग्रामीण समाज अध्यक्ष, दीनानाथ साहू विधायक प्रतिनिधि, थनवार साहू सांसद प्रतिनिधि, छन्नूराम साहू साहू समाज ग्रामीण अध्यक्ष, बोधीराम साहू, शिवदयाल साहू सरपंच, जयनारायण साहू उपसरपंच, जितेंद्र साहू, गुलाब साहू, संतोष, नरेंद्र साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर, सेवती निर्मलकर, लक्ष्मी साहू, पूर्णिमा साहू थे।

## अंचल की खबरें

### संविधान दिवस पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान



**कुरुद।** संविधान दिवस अवसर पर गोबरा के अमृत सरोवर तालाब में बुजुर्गों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी कुंती देवांगन, भृत्य रमेश यादव, सरपंच सावित्री उपसरपंच, बेनीराम साहू, पंच कुंभकरण यदु, पंचायत भृत्य गेंदाराम, सचिव तुलाराम साहू, रोजगार सहायक नेहा ध्रुव, पूर्व सरपंच गंगाराम साहू, स्कूल के प्रधानपाठक एवं शिक्षकगण और स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### कामता प्रसाद ने प्राधिकृत अधिकारी का चार्ज लिया



**अंवरी।** प्राथमिक कृषि शाखा सरकारी समिति अंवरी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कामता प्रसाद साहू ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हम किसानों के साथ मिलजुल कर रहेंगे। किसी किसान को अगर धान बिक्री में परेशानी होती है तो उसका निराकरण करेंगे। मुख्य अतिथि लेखराम साहू ने कहा कि किसान साफ -सुथरा धान लाएं। मौके पर हनुमान प्रसाद सिन्हा, कुलंजन सिंह ठाकुर, सेवकराम तारक, बालाराम ध्रुव, टीकूराम यादव, पवन यादव, रंजीत जांगड़े, फलेन्द्र ध्रुव, परस निर्मलकर, देवानंद साहू, चिंता मरकाम, शिवकुमार साहू, पुनाराम साहू, पूनम जांगड़े, गणेश साहू, रामस्वरूप साहू उपस्थित थे।

### सरगुजा क्षेत्र की संस्कृति, रीति-रिवाज से अवगत हुए छात्र



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन तथा भूगोल विषय के विभागाध्यक्ष डॉ.शि वेन्द्र धुर्वे के संयोजन में बीए भूगोल प्रथम एवं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सरगुजा जिले का भौगोलिक भ्रमण किया। मैनपाट के प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक परिवेश का अध्ययन किया। बौद्ध मंदिर, उल्टा पानी, टाइगर पाइंट, दलदली पाइंट, मछली पाईट, टाउ की खेती आदि का भ्रमण कर उनका भौगोलिक महत्व एवं इतिहास जाना। सरगुजा क्षेत्र की संस्कृति, रीति-रिवाज, रहन सहन, कार्यप्रणाली से परिचय हुए। भ्रमण कार्यक्रम में प्रो.जयराम कुर्रे एवं डॉ. ममता सौरज की सहभागिता रही।

### छत्तीसगढ़ी भाषा की विशेषता पर डाला प्रकाश




**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल ने छत्तीसगढ़ी भाषा पर व्याख्यान दिया। छत्तीसगढ़ी भाषा की विशेषता, उपयोगिता, इतिहास से अवगत कराया। स्कूल के चारों हाऊस सत्यम, शिवम्, सुंदरम, मधुरम के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी भाषा पर भाषण, गीत, कविता की प्रस्तुति दी। मौके पर संस्था के आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्रों एवं शिक्षकों ने संविधान की रक्षा करने का लिया संकल्प



भुसरेंगा स्कूल में संविधान दिवस की प्रस्तावना का किया गया वाचन

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। स्कूल स्टॉफ तथा विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित मूल्यों, सिद्धांतों, आदर्शों पर चलने तथा संविधान का सम्मान करने एवं उसकी रक्षा करने का संकल्प लिया। प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने दुनिया के सबसे बड़े लिखित संविधान के निर्माण तथा उसके लागू होने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को चिन्हित करने के लिए 26 नवंबर 2024 से प्रारंभ होने वाले स्मरणोत्सव का आयोजन करने तथा इसके टैगलाइन हमारा संविधान, हमारा अभिमान के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया गया। बच्चों को गुपचुप, जलेबी, चॉकलेट, भेलपुरी खिलाई गई। कार्यक्रम में लोमश साहू, गीता साहू, केशरी दादर, प्रपा कुलेश्वर साहू, देवबती ध्रुव, सीता साहू, दयाबाई, लीलाबाई ध्रुव, ज्योति, शारदा ध्रुव, आरती यादव, भारती पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### अंतर महाविद्यालयीन एथलेटिक्स में सुखराम नागे कालेज के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

# खेल स्पर्धा में गजाधर व तौषिक रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸नगरी





अंतर महाविद्यालयीन महिला, पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर में हुई। इसमें शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के छात्र-छात्राओं ने क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मी साहू के संयोजन में बेहतर प्रदर्शन किया।

भालाफेंक में गजाधर कश्यप प्रथम, उंचीकूद एवं लंबीकूद में तौषिक कातुरे प्रथम, लंबी कूद में लीना कश्यप तृतीय, तवा फेंक में गजाधर कश्यप तृतीय, त्रिकूद एवं 400 मीटर बाधा दौड़ में विकास नाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षक कृष्णकुमार सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा, प्रो.लालमन बेरवंश क्रीड़ा प्रभारी, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो. मोहितकुमार, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, डॉ.कविता नारंग, प्रो.हितेषानंद ठाकुर, डॉ.वेणु साहू, डॉ. अंबा शुक्ला, सागर मण्डावी, मनोज बारले, सीता नेताम ने हर्ष व्यक्त किया है।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### युवा कांग्रेस ने बाबा साहेब की मूर्ति पर किया माल्यार्पण



**धमतरी।** संविधान दिवस पर युवा कांग्रेस ने अम्बेडकर चौक स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सेवादल के जिलाध्यक्ष होरीलाल साहू ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, युकां जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, चुकेश्वर नागेन्द्र, अम्बर चन्द्राकर, विजेंद्र रामटेके, तारिक़ रज़ा क़ादरी, कुलेश्वर देवांगन, तोमेश साहू, सूरज पासवान, धनेश्वरी कामड़े, लोकेंद्र सिन्हा मौजूद थे।

### कलेक्टोरेट में दिलाई गई संविधान की शपथ



**धमतरी।** भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया। यह एक ऐतिहासिक दिन था और इसी दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को भारत के संविधान की शपथ दिलाई गई।

### संतोष सेन्हाभाठा बूथ कमेटी के अध्यक्ष बने



**मगरलोड।** भाजपा मंडल मेघा के आश्रित ग्राम सेन्हाभाठा में बूथ कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संतोष साहू को अध्यक्ष चुना गया। सचिव देवनारायण साहू, बीएल राजेश साहू, युवा प्रमुख झालेश्वर साहू, महिला प्रमुख नमिता साहू, मन की बात प्रमुख निरूपा सोनी, स्वच्छता प्रमुख साधना निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, टिकेश्वरी, चंद्र भूषण, गैंदलाल साहू, गंगाराम, कृष्ण कुमार, सरस्वती साहू, उषा साहू, इंदु साहू, धानबाई, टिकेश्वरी, ईश्वरी, कन्हैयालाल, मानसिंह, रोहन, सुंदरलाल चुने गए। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी सुरेश साहू, मंडल महामंत्री संतोष सोनी, मेघा मंडल पूर्व अध्यक्ष योगेश्वर साहू सहित तामेश्वरी, गीता साहू, दिनेश्वरी, मथुरा साहू, ज्योति साहू, बीटेश्वरी, योगेश्वरी, फूलबाई, बिमला, कुंती साहू उपस्थित थे।

### संविधान हमारे कर्तव्य एवं अधिकारों को निर्धारित करता है : बैनर्जी

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई एवं राजनीति विज्ञान विभागद्वारा संविधान दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक प्रसाद जायसवाल ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया एवं संविधान निर्माण में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों के योगदान को याद किया। उन्होनें कहा कि संविधान हमारे देश की नींव है और यह हमारे कर्तव्य एवं अधिकारों को निर्धारित करता है। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना संविधान का सार है और इसे संविधान की आत्मा भी कहा जा सकता है। संविधान दिवस संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, रासेयो स्वयंसेवक साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप, तुलसी रानी, गजेंद्र, नेहा, प्राची, केशकुमार उपस्थित थे।

### मेनोनाईट स्कूल में संविधान दिवस पर ली शपथ



**धमतरी।** मेनोनाइट इंग्लिश सीसे स्कूल धमतरी में संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पठन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती एचके खालसा ने छात्रों को बताया कि 26 दिसम्बर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली।

# सनातन बोर्ड के निर्माण के लिए की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




हिंदू धर्म की रक्षा एवं एकता के लिए सनातन बोर्ड निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन जिला धमतरी द्वारा मकई चौक से बिलाई माता मन्दिर तक पद यात्रा की गई। पदयात्रा की शुरुआत हनुमान की महाआरती से हुई। महाआरती के बाद श्रीराम के जयकारे करते हुए पदयात्री मकई चौक से सदर होते हुए बिलाई माता मन्दिर तक पहुंचे। जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करते हुए सनातन हिन्दू हित की रक्षा हेतु राष्ट्रीय संतों के मार्गदर्शन में सनातन बोर्ड के गठन की मांग की गई ताकि संपूर्ण भारत में राम राज्य स्थापित हो सके। मौके पर जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण, रोहित सोनी, कोषाध्यक्ष टेमेंद्र सिंह साहू, जिला प्रवक्ता राजेश तिवारी, जिला मंत्री गणेश्वर पुरी गोस्वामी, महेश श्यामनानी, दिग्विजय सिंह कृदत्त, श्यामा साहू, कमलेश सिन्हा, हेमंत बंजारे, गोविंद धीवर, श्यामलाल सिन्हा, धनंजय तिवारी, ईश्वरी शर्मा, अनसुईया शर्मा, राजेश पाल, शिव साहू, कृष्णा साहू, उमेश यादव, नूतन साहू, खेमराज तिवारी, कमलेश्वर पांडे, महेश श्यामनानी समेत अन्य मौजूद थे।

# स्थगन आदेश का खुला उल्लंघन

## प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर किया जा रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ग्राम अंवरी में स्थगन आदेश का खुला उल्लंघन हो रहा है। आवेदक भुनेश्वर साहू पिता नम्मूराम साहू ग्राम अंवरी तहसील कुरुद ने बताया कि उनकी आबादी भूमि खसरा नंबर 1253 / 364 लगभग 158 वर्ग मीटर है। इस पर उसका लगभग 40- 50 वर्ष से कवेलू नुमा मकान निर्मित है। पानी निकासी के संबंध पूर्व में आवेदक एवं अनावेदक के मध्य ग्रामवासी एवं पंचायत के प्रमुख व्यक्तियों के मध्य लिखित राजीनामा एवं समझौता हुआ था कि आवेदक के कवेलू मकान को छोड़कर अनावेदक द्वारा अपना मकान निर्माण किया जाएगा लेकिन अनावेदक ने राजीनामा समझौता का उल्लंघन कर आवेदक भुनेश्वर साहू की दीवार को खोदकर निर्माण किया। इस पर तहसीलदार कुरुद द्वारा स्थगन आदेश जारी कर किया गया। आवेदक भुनेश्वर साहू ने बताया कि स्थगन आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि बिरेझर चौकी को सूचनार्थ किया गया है, लेकिन अवैध निर्माण कार्य के लिए बिरेझर चौकी को अवगत कराने पर चौकी वाले कहते हैं कि यह राजस्व का मामला है। ग्राम पंचायत को भी इसकी जानकारी दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भुनेश्वर ने आगे बताया कि अनावेदक अपने निर्माण कार्य के दौरान विद्युत पोल के सपोर्टिंग तार को भी ले रहा है। विद्युत पोल शासकीय जमीन पर लगा हुआ है। सपोर्टिंग तार को अपने घर के अंदर ले गया है। इसकी सूचना विद्युत विभाग में भी दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# बूथ 46 के कपिल देव, बूथ 47 के टेकराम बने अध्यक्ष

- सिवनीकला में बूथ अध्यक्ष का हुआ चयन, कार्यकारिणी भी हुई गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम सिवनीकला में बूथ अध्यक्षों के निर्विरोध चयन के साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस व अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में बूथ पदाधिकारी का गठन थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी व पूरनलाल घृतलहरे शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। बूथ क्रमांक 46 अध्यक्ष कपिलदेव पटेल, सचिव इंदु आडिल, बीएलओ 2 तीजूराम पटेल, युवा प्रमुख दिलेंद्र यादव, महिला प्रमुख खोमेश्वरी साहू, व्हाट्सएप प्रमुख साहिल साहू, मन की बात प्रमुख बलराम पटेल, स्वच्छता प्रमुख काशीराम साहू, दिलीप साहू, मोटरसाइकिल प्रमुख शैलेंद्र पाल, छग कार्यक्रम प्रमुख अरुण साहू, सामाजिक प्रमुख डोमेनलाल डांडे, दीप कमल प्रमुख निर्मल पाल, लाभार्थी प्रमुख टिकेंद्र पटेल, पन्ना प्रमुख छविराम पाल बनाए गए। अन्य सदस्यों का भी गठन किया गया।

इसी प्रकार बूथ क्रमांक 47 में बूथ अध्यक्ष टेकराम साहू, सचिव चंद्रप्रकाश साहू, बीएलओ 2 नागेश साहू, युवा प्रमुख समीर साहू, महिला प्रमुख राधिका पटेल, व्हाट्सएप प्रमुख त्रिलोचन साहू, मन की बात प्रमुख पुरुषोत्तम पटेल, स्वच्छता प्रमुख ललित पटेल, की वोटर प्रमुख विक्रम साहू, मोटरसाइकिल प्रमुख सुरेश, छग कार्यक्रम प्रमुख सुरेश साहू, सामाजिक प्रमुख सुशील साहू, दीपकमल प्रमुख द्वारकाप्रसाद साहू, लाभार्थी प्रमुख बंशीराम पटेल, पन्ना प्रभारी लोमश साहू व अन्य सदस्यगण का गठन निर्विरोध रूप से किया गया।

सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भाजपा पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करने व पार्टी के दिशा निर्देश व जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। मौके पर बूथ सदस्यों सहित भाजपाइयों की उपस्थिति रही।

# 19 एमएलडी एसटीपी प्लांट का निर्माण पूरा, ट्रायल के बाद होगा नगर निगम को हैंडओवर

- महापौर, आयुक्त ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जानकारी ली



**धमतरी।** मुजगहन स्थित 19 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। महापौर विजय देवांगन और आयुक्त प्रिया गोयल ने प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, संचालन प्रक्रिया और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। ठेकेदार ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब प्लांट को ट्रायल एवं मेंटेनेंस के लिए चालू किया गया है। यह प्रक्रिया एक वर्ष तक चलेगी। इसके बाद ही इसे नगर निगम को सौंपा जाएगा। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि एसटीपी प्लांट धमतरी शहर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे शहर की सीवेज समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने प्लांट की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि संचालन के लिए आवश्यक स्किल वर्कर की अभी से नियुक्ति की जाए। एसटीपी प्लांट की गुणवत्ता प्राथमिकता होनी चाहिए। महापौर और आयुक्त ने जोर देकर कहा कि परियोजना की सफलता इसके कुशल संचालन पर निर्भर करती है। निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ट्रायल अवधि के दौरान सभी तकनीकी समस्याओं को हल किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, नमिता नागवंशी, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

# छाती सोसाइटी के अध्यक्ष को प्रदेश महामंत्री ने दिलाई शपथ



- छग के किसानों को मिल रही धान की सबसे अधिक कीमत : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छाती के प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में ललित साहू ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि रामू रोहरा भाजपा प्रदेश महामंत्री, हेमंत चंद्राकर अध्यक्ष भोथली मण्डल भाजपा, महामंत्री द्वय प्रीतम साहू, मिश्री पटेल, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग, दयाराम साहू, कविन्द्र जैन, अरविंदर मुंडी, रोहताश मिश्रा, यतीश भूषण श्रीवास्तव, बल्ला चंद्राकर थे।

इस अवसर पर ललित साहू ने अपने मनोनयन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन महामंत्री रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस एवं भोथली मण्डल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए किसानों की समस्या तथा बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास करने का वचन दिया। मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर ने प्राधिकृत अध्यक्ष श्री साहू को धान विक्रय केन्द्र में बेहतर सुविधा के लिय सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया। रामू रोहरा ने भारत वर्ष में सबसे अधिक धान की कीमत के लिए भाजपा सरकार को किसान हितैषी बताते हुए सरकार की प्रशंसा की। समिति के व्यवस्थापक नरेंद्र साहू संचालन एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश चंद्राकर, बंटी दिली, कांतु साहू, विजय ढीमर, खिलेन्द्र चंद्राकर, बलवंत यदु, दुर्गा धनकर, विष्णु चंद्राकर, रेवाराम, टहल राम, पुरुषोत्तम चंद्राकार, नारायण दिली, बाबूलाल साहू, कुंवर लाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# वाजपेयी के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन की सरकार: रामू

- कुर्रा में भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने ग्राम कुर्रा में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन एवं मूर्ति अनावरण किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय रुके विकास कार्यों को विष्णुदेव सरकार सांय-सांय कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लागू किया जा रहा है। उन्होंने महतारी वंदन योजना का फीडबैक लेते हुए कहा कि प्रत्येक माह हमारी माताओं व बहनों के खाते में राशि आ रही जिससे वे संबल हो रही हैं।

उन्होंने शाला के अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण अवसर पर कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में मेहनत करें तो सफलता निश्चित ही प्राप्त होगी। उन्होंने बच्चों से मोबाइल का उपयोग आवश्यकतानुसार करने की सलाह दी। श्री रोहरा ने ग्राम कुर्रा में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश श्री वाजपेयी की देन है। डबल इंजन की सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है।

कार्यक्रम को मुरारी यदु अध्यक्ष भाजपा मंडल आमदी , दमयंती साहू सदस्य जिला पंचायत, हेमंत माला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अमन राव महामंत्री भाजपा मंडल आमदी ने किया।

मौके पर मानिक साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, रीखम राव, अजब देवांगन, लीलाराम नेताम, रोमन साहू, आशा साहू, परमेश्वर साहू, खम्हन साहू सरपंच, प्रभुराम साहू बुथ अध्यक्ष, अमर सिंह, भीषम साहू, अर्जुन साहू, मीना साहू, भुनेश्वरी यादव, एकनाथ साहू, गोपी साहू, देवव्रत साहू, छत्रपाल सिन्हा, शिवनारायण सिन्हा, गणेश राव, डॉ.सीपी शर्मा, पुरूषोत्तम साहू, प्राचार्य बीआर साहू, व्याख्याता खिलेश्वरी बनपेला, मिथिलेश सिन्हा, किरण साहू, हेमंत साहू, हिना भूआर्य, गोदावरी साहू उपस्थित थे।



### विभिन्न कोर्स में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए लाईवलीहुड कॉलेज में जिले के पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं से आवेदन 5 दिसम्बर तक आमंत्रित किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंचायतों के चिन्हित 10 वीं पास युवक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत फील्ड टेक्निशियन कम्प्यूटिंग एंड पेरीफेरल्स (कम्प्यूटर हार्डवेयर) कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 साल तक की आयु वर्ग के 12वीं पास इच्छुकों से 10 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## बारना में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

# रासेयो से होता है व्यक्तित्व विकास : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम बारना में उच्चतर माध्यमिक शाला कातलबोड़ का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित किया गया। समापन 27 नवम्बर को हुआ। मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास होता है। अध्यक्षता कर रहे रूपचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन, समय का मैनेजमेंट जरूरी है। कार्ययोजना बनाकर कार्य करें, व्यसन से दूर रहें। विशिष्ट अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना ने बताया कि स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम अच्छा रहा। माखनलाल साहू पूर्व सरपंच ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। टीकाराम साहू ने कहा कि व्यसन से दूर रहें। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी तुकेश्वर साहू ने किया। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुकेश पटेल व्याख्याता ने स्वागत भाषण दिया। सुभाष सोनवानी ने देशभक्ति गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर व्याख्याता जया यादव, चिंता राम साहू, गौरीशंकर पटेल, कुंजलाल साहू, मोती ध्रुव, उपसरपंच दौलत राम साहू, खिलावन प्रजापति, कलीराम साहू, अमृत यादव, सचिव मनीराम साहू, केवल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर · भिलाई · बिलासपुर · रायपुर · जगदलपुर · कोरबा
47 Years of Trust · 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating · PHILIPS · REXTON · HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संविधान देश की प्रगति और एकता का आधार है

**धमतरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी द्वारा डॉ. ईश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भारतरत्न संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। केन्द्र के श्री सिंह ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि यह देश की प्रगति और एकता का आधार है। डॉ. अमित सिन्हा ने संविधान के निर्माण, उसके ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा की। डॉ. शक्ति वर्मा ने संविधान में निहित नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को बताया। मनीषा खापर्डे ने बताया कि भारतीय संविधान न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक भी है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी के डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी, आशीष बंजारे प्रक्षेत्र प्रबंधक, रीतिका ठाकुर कार्यक्रम सहायक समेत कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित थे।

### न्योता भोज में पोहा एवं जलेबी का वितरण



**धमतरी।** डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय माध्यमिक शाला धमतरी में संस्था के पालक सदस्य शिवप्रसाद नेताम ने अपने पुत्र डिगेश नेताम के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया। विद्यार्थियों को पोहा एवं जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक सुभद्रा कश्यप, दिनेश सोनकर, साधना साहू, आरती शिंदे, प्रमिला गजेंद्र सहायिका सुनीता देवांगन उपस्थित थी।

### जेवियर्स के छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**धमतरी।** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन डॉ एएफ पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती डॉ. ग्रेस पिंटो के निर्देशन में धन्यवाद ज्ञापन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा हुई। समारोह पास्टर जेम्सराम भंडारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। श्री भंडारी ने कहा कि ईश्वर ने अपनी खूबसूरत रचना में प्रकृति के हर तत्व को महत्वपूर्ण माना है। इसका संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। स्कूल के बच्चों ने रुद्री चौक एवं आरटीओ ऑफिस के आसपास सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के बच्चों ने झाड़ू लगाई। इस अभियान में स्कूल के शिक्षक नागेश साहू, अक्षत अग्रवाल, रविशंकर तिवारी एवं शिक्षिका शाहीना परवीन तथा सिद्धि मिश्रा ने मार्गदर्शन किया। प्राचार्य मृणालिनी सिंह ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

### मोदी-साय सरकार में हर वर्ग खुश

**धमतरी।** मां कालिका शक्ति केंद्र के बूथ स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर बैठक महंत घासीदास वार्ड के मां कालिका मंदिर हाल में हुई। चुनाव प्रभारी मंडल अध्यक्ष विजय साहू, सहप्रभारी दिलीप पटेल ने कहा कि भाजपा का संगठन चुनाव जोरों पर है। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के कारण आज भाजपा एक बड़ी शक्ति बनकर विश्व पटल पर स्थापित है। आज डबल इंजन की सरकार है। मोदी और साय सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं लाई है। बैठक में भरत सोनी, पार्षद प्रकाश सिन्हा, आमना सोना,अमृत साहू, गजानंद मीनपाल, दयाराम लहरे, संकेत बरडिया, विशाल त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सर्वसम्मति से प्रहलाद पटेल को बूथ अध्यक्ष चुना गया। सचिव विकास नाग, बीएलए 2 आज़ाद सोना बनाए गए। मौके पर गोलू पटेल, दीपक सिंदूर, नरेश सोना, मनुराज बंजारे, शिव बघेल, पूर्णिमा फुटान, राजबाई पटेल, अरुण ढीमर समेत अन्य उपस्थित थे।

सीजी 05 की सभी गाड़ियों को फ्री करने की मांग को लेकर की नारेबाजी

# एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने घेरा मरौद टोल प्लाजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सीजी 05 की सभी गाड़ियों को फ्री करने की मांग को लेकर मरौद स्थित टोल प्लाजा का घेराव किया। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, जिले के कांग्रेसी, एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेसियों ने खूब नारेबाजी की। प्लाजा मैनेजर एनएचएआई के अधिकारियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए 5 दिन का समय दिया। मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। एनएसयूआई की मांग है कि टोल प्लाजा में धमतरी पासिंग की गाड़ी को निःशुल्क किया जाए। टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए। इस अवसर पर योगेश शर्मा, नरेन्द्र सोनवानी, देवव्रत साहू, उदितनारायण साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नोमेश सिन्हा, ऋषभ यादव, तेजप्रताप साहू, तेजप्रकाश साहू, प्रीतम सिन्हा, नमन बंजारे, त्रिभुवन मंडावी, अरविंद यादव, प्रशांत शर्मा, डुमेश साहू सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

### टोल प्लाजा की लूट नीति से निजात मिले

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि मरौद टोल प्लाजा में नियम विरूद्ध स्थानीय नागरिकों से टैक्स लिया जाता है जबकि उन्हें रियायत मिलनी चाहिए। इसके खिलाफ हमने आवाज उठाई है। जिले की गाड़ियों को निःशुल्क करने की मांग की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक द्वय ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, महापौर विजय देवांगन, तारिणी चंद्राकर, मोहन लालवानी, तपन चंद्राकर, शारदा साहू ने टोल प्लाजा मैनेजर से चर्चा की। एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया। कहा कि 5 दिन में सीजी 05 की गाड़ियां निःशुल्क नहीं होगी तो मरौद टोल प्लाजा में उग्र आंदोलन होगा, जिसमें प्रदेशभर के कांग्रेसी पहुंचेंगे। इसकी जिम्मेदारी टोल प्लाजा और शासन की होगी।

### स्थानीय लोगों को रोजगार दें : राजा



एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि चेतावनी के बाद टोल प्लाजा के अधिकारियों ने लिखित में कहा कि उनके स्टाफ द्वारा अगर किसी भी व्यक्ति के साथ अभद्रता हुई है तो इसके लिए वे क्षमा प्रार्थी हैं। स्टाफ द्वारा बदतमीजी हुई हो तो उसे तत्काल हटाया जाएगा। सीजी 05 की गाड़ी को फ्री करने वे एनएचएआई के अधिकारी के साथ बात करेंगे। इसके लिए उन्हें 5 दिसम्बर तक वक्त चाहिए। राजा देवांगन ने कहा कि टोल प्लाजा में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी बाहरी हैं। स्थानीय लोगों से दुर्व्यवहार करते हैं, जिससे क्षेत्र की जनता परेशान है। बाहरी लोगों को हटाकर स्थानीय लोगों को रोजगार दें। उनकी मांगों पर मैनेजमेंट ने लिखित में जवाब दिया है।

# सरकार धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र कर रही : शरद

- जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेसवार्ता लेकर धान खरीदी में भ्रष्टाचार की संभावना जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को राजीव भवन में धान खरीदी के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक द्वय ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, महापौर विजय देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी ने पत्रकारों को बताया कि साय सरकार में धान खरीदी में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। इसकी जांच के लिए कांग्रेस पार्टी निगरानी समिति गठित करेगी। धान खरीदी में सरकार की नीयत साफ नहीं है। किसानों से 3100 रूपये में धान खरीदी का वादा कर सत्ता में आई। बीजेपी किसानों को मात्र 2300 रुपए की राशि दे रही है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेगी।

कांग्रेसियों ने आगे कहा कि राज्य सरकार किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। छुट्टी को छोड़कर कुल 47 दिन ही मिल रहा है। इस एवज में सरकार को प्रतिदिन 3.50 लाख मीट्रिक टन धान खरीदना होगा, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। धान का लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। सोसाइटी को निर्देश मिला है कि एक दिन अधिकतम 752 क्विंटल धान खरीदना है। ऐसे में किसान शेष धान की बिक्री अगले दिन करेगा।

सरकार ने कहा था कि किसानों के खाते में 72 घंटे में पैसा आएगा, लेकिन 15 दिन बाद भी खाते में पैसा नहीं आया है। जो रकम प्राप्त हो रही है, वह सिर्फ 2300 रूपए है। कांग्रेसियों ने कहा कि अनावरी रिपोर्ट गलत बनाई जा रही है। इस आधार पर 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है जबकि 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा हुआ है। बीज उत्पादक किसानों से सोसाइटी में धान नहीं खरीदा जा रहा है। सोसाइटियों में बारदाने की कमी से किसान परेशान है। आधे नए तो आधे पुराने हैं।

### उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन 9 तक

**धमतरी।** नगर निगम क्षेत्र के मराठापारा वार्ड क्रमांक 13 और मोटर स्टैण्ड वार्ड क्रमांक 29 में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 दिसम्बर है।

# बूथ कार्यकर्ता भाजपा की प्रमुख कड़ी : डीपेंद्र



- अर्जुनी में बूथ कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अर्जुनी में बूथ कमेटी का गठन पूर्व जनपद सदस्य डीपेंद्र साहू की मौजूदगी में किया गया। बूथ 96 अध्यक्ष मौरजध्वज सिन्हा, बूथ 97 श्याम बैगा, बूथ 98 के अध्यक्ष वेदप्रकाश सिन्हा बनाये गये। इस अवसर डीपेंद्र साहू ने कहा कि गांव की पहचान गांव के वरिष्ठजनों से होती है। बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी को जिताने के लिए प्रयास करते हैं। बूथ कार्यकर्ता भाजपा की सबसे प्रमुख कड़ी है। भाजपा के वरिष्ठ कालीदास सिन्हा ने कहा कि भाजपा का दृढ़ निश्चय देश का विकास है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। लोग भाजपा के सदस्यता अभियान में स्वतः जुड़ रहे हैं। मौके पर जितेश सिन्हा, डॉ चंदू, नन्हेराम, मौरजध्वज, सोनू, हनीफ, लाकेश, श्याम बैगा, खिन्दराम, रमेशर, मुरली, नरेश उपस्थित थे।

# स्वयंसेवकों ने की गांव की सफाई, कवि सम्मेलन का ग्रामीणों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



रासेयो इकाई शाउमावि फरसियां द्वारा आयोजित शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत पीटी परेड के साथ हुई। परियोजना कार्यअंतर्गत स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, नलकूपों, सड़क के आसपास की साफ-सफाई की। रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि पदुमलाल साहू, तरुण साहू, आकाश साहू, कुलदीप साहू, तुलसी साहू, पंकज साहू व स्वयंसेवक मोनिका गोस्वामी, देविका नाग, पुष्कर साहू, खेमन साहू ने कविता पढ़ी। कवि सम्मेलन बेटियों पर विशेष फोकस रहा। मौके पर रासेयो अधिकारी ऋषिकेश साहू, प्राचार्य नीरज सोनी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू, व्याख्याता अरविंद, ईश्वर साहू, त्रिवेणी सूर्यवंशी, ललित साहू, मीना साहू, रवि बिसेन, देव सूर्यवंशी, मनिहार नाग व अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रामीण परिवेश, संस्कार को सहेज कर आगे बढ़ाना हमारा धर्म : प्रीतेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अगहन माह में प्रति गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा करते हुए आध्यात्म एवं प्राचीनकाल की विभिन्न कथाओं के संबंध में परिचर्चा किए जाने की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है। इसे आगे बढ़ाते हुए भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी बुटिक धाम मंदिर बोड़रा( डी) में मंदिर समिति के आग्रह पर पहुंचे। उन्होंने मंदिर के माध्यम से क्षेत्र में धर्म, आध्यात्म तथा सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए आभार माना। अलाव का आनंद लेते हुए ग्रामवासियों से बातचीत की। श्री गांधी ने कहा कि गांव की परंपरा, संस्कृति तथा मान्यताओं को जीवंत बनाए रखते हुए उसे आने वाली पीढ़ी को सौंपना हम सबका धर्म है। आज भी भारत की आत्मा गांव में बसती है। ग्रामीण रीति-नीति तथा परिवेश को संरक्षित, संवर्धित करने हम सबको सामने आना होगा तभी भारत की सभ्यता विश्व स्तर पर हमेशा चिरस्थायी रहेगी। मौके पर ननि पार्षद राजेंद्र शर्मा, देवलाल साहू, पन्नालाल साहू, गोपीकृष्ण साहू, प्रवीण साहू, देवेंद्र साहू, लोमेश साहू, गीतेश साहू , नीरज साहू, पूनम साहू, पुनारद साहू, गायत्री साहू, सीता साहू, संतोषी साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सड़क के मोड़ पर बेतरतीब खड़े वाहनों से दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाईवे व सदर में मोड़ पर बेतरतीब ढंग से कार खड़ा किये जाने के कारण सड़क दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, जिसकी रोकथाम के लिये कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

- हादसे रोकने कड़ी कार्रवाई की जरूरत

उल्लेखनीय है कि चालक अपनी कार को नेशनल हाईवे में पड़ने वाले मोड़ व सदर मार्ग में बेतरतीब खड़ा कर चले जाते हैं। यह वाहन मोड़ के पास घंटों खड़ा रहता है। कभी-कभी रात भर कार पार्किंग रहती है। चालक को सड़क पर बनी सफेद पट्टी का भी ध्यान नहीं रहता जबकि यातायात पुलिस द्वारा लोगों को सफेद पट्टी के बाहर वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी जाती है। इसके बावजूद चालक कार को सफेद पट्टी के बाहर खड़ा कर देते हैं। नेशनल हाईवे में चालक आधी सड़क को घेरते हुये बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता ही है वहीं सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। हादसे की संभावना नेशनल हाईवे में डिवाइडर के खाली स्थान पर जेब्रा क्रासिंग पर बढ़ जाती है। रात्रि के समय विपरीत दिशा से आने वाले वाहन जेब्रा क्रासिंग पर सड़क पार करते समय कार खड़ी होने के कारण सामने से आ रहा वाहन नहीं दिख पाता, जिसके कारण कई बार दुर्घटना हो चुकी है। बीते दिनों पुरानी मंडी के पास बाइक व साइकल सवार हादसे में घायल हुये थे। यही स्थिति बठेना अस्पताल के सामने नेशनल हाईवे स्थित जेब्रा क्रासिंग के पास ज्यादा बनी रहती है। सड़क दुर्घटना की संभावना को देखते हुए बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई की आवश्यकता है।






तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज




मध्यस्थता कराने नेता प्रतिपक्ष व भाजपा पार्षद सामने आए

# प्लेसमेंट कर्मचारियों का आंदोलन स्थगित, काम पर लौटे

- जिले में स्थगित, प्रदेश स्तर पर धरना जारी : मारोठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों का पिछले 12 दिनों से चल रहा आंदोलन शनिवार को स्थगित हो गया। यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर चालू रहेगा। मध्यस्थता होने से जिले के कर्मचारियों ने रविवार से काम में आना स्वीकार किया है। हड़ताली कर्मचारियों एवं निगम प्रशासन के बीच मध्यस्थता करने नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, पार्षद विजय मोटवानी, धनीराम सोनकर, श्यामा साहू, हेमंत बंजारे, प्रकाश सिन्हा, बिशन निषाद, दीपक गजेंद्र, रितेश नेताम, श्यामलाल नेताम, ईश्वर सोनकर, नीलू डागा, सरिता असाई, मिथिलेश सिन्हा निगम सभाहाल पहुंचे थे। सफल वार्ता के बाद हड़ताली कर्मचारियों ने आंदोलन स्थगित रखा। इससे पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा रामू रोहरा ने फोन पर हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी सभी समस्याओं को प्रदेश स्तर पर बैठकर हल करेंगे। शहर हित में अपनी सेवाएं फिर से प्रारंभ करें। इसके बाद निगम सभाहाल में आयुक्त, उपायुक्त, निगम अधिकारी, भाजपा पार्षद व प्लेसमेंट कर्मचारियों की बैठक हुई। यहां वार्ता सफल रही और जिले के प्लेसमेंट कर्मचारी काम पर आने राजी हुए।

मध्यस्थता कराने वाले पार्षदों ने कहा कि शहर में सफाई की बिगड़ती व्यवस्था को देखते हुए वे सामने आए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई, बिजली, पानी आदि की नियमित सेवाएं बाधित हो गई थी।

इधर प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अविनाश मारोठे, राजू साहू, रघुवीर ठाकुर, चंद्रप्रकाश साहू, गिरधारीलाल, टिकेश्वर साहू, फिरोज खान, वेदप्रकाश, नरेश सोना, गोविंद पात्रे, संजू, रामसिंग भाऊ ने बताया कि शहर हित में जिले के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल स्थगित की है। यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर चालू रहेगा। जिले के पदाधिकारी व सदस्य रायपुर राजधानी जाकर आंदोलन में शामिल होंगे। संघ की ओर से जो भी फैसला आएगा, उसी के अनुसार कर्मचारी काम करेंगे।

